# आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**दिनांक : 13.02.2025** **समय : 07.10pm**

**मुख्य समाचार :—**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की यात्रा पर अमेरीका पहुॅंचे, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रप से करेंगे मुलाकात।
- आयकर विधेयक 2025 लोकसभा में पेश, वक्फ संशोधन विधेयक की रिपोर्ट भी सदन में रखी गयी।
- 20 फरवरी से 51 वें खजुराहों नृत्य समारोह की होगी शुरूआत।
- विश्व रेडियों दिवस पर प्रधानमंत्री ने कहा रेडियों कई लोगों के लिए रहा है जीवन रेखा।

**अब समाचार विस्तार से:—**

**प्रधानमंत्री - अमरीका यात्रा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमरीका की दो दिन यात्रा पर आज वाशिंगटन पहुंचे। अमरीका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा और अन्य अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। वाशिंगटन पहुंचने के बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मिलने और भारत-अमरीका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हैं। अमरीका की राष्ट्रीय खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने आज वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की।

**लोकसभा-आयकर विधेयक**

आयकर विधेयक 2025 आज लोकसभा में पेश किया गया। इस विधेयक का उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि प्रस्तावित कानून में मौजूदा आयकर अधिनियम की तुलना में धाराओं और अध्यायों की संख्या कम की गई है और इसे सरल बनाया गया है ताकि आम नागरिक आसानी से समझ सकें। उन्होंने स्पष्ट किया कि

प्रस्तावित विधेयक में धाराओं की संख्या 536 है, जबकि **1961** के आयकर अधिनियम में 819 धाराएं थीं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कानून में शब्दों की संख्या मौजूदा कानून की तुलना में लगभग आधी है।

**वक्फ**

वक्फ संशोधन विधेयक 2024 से संबद्ध संयुक्त समिति की रिपोर्ट आज संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के विरोध के बीच पेश की गई। लोकसभा में संयुक्त समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने सदन में रिपोर्ट पेश की। रिपोर्ट को लेकर विपक्ष ने भारी शोर-शराबा किया। राज्यसभा में आज सुबह सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, भारतीय जनता पार्टी के सांसद डॉ. मेधा विश्राम कुलकर्णी ने विपक्ष के विरोध के बीच वक्फ संशोधन विधेयक 2024 की संयुक्त समिति की रिपोर्ट की एक प्रति सदन में पेश की। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया कि संयुक्त बैठकों में विपक्षी सदस्यों द्वारा असहमति विचारों को रिपोर्ट में शामिल नहीं किया गया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि रिपोर्ट, कार्यवाही और असहमति नोट का कोई भी हिस्सा हटाया नहीं गया है।

**परीक्षा पे चर्चा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 10 फरवरी को परीक्षा पे चर्चा के 8वें आयोजन के पहले एपिसोड के दौरान नई दिल्ली की सुंदर नर्सरी में छात्रों से बातचीत की। इस कार्यक्रम के तीसरे भाग में आज टेक्निकल गुरुजी के नाम से मशहूर गौरव चौधरी और एडलवाइस म्यूचुअल फंड की एमडी और सीईओ राधिका गुप्ता ने आज छात्रों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग की बुनियादी बातों से परिचित कराया। उन्होंने चैटजीपीटी और एआई इमेज-जेनरेशन टूल के व्यावहारिक अनुप्रयोगों की जानकारी दी। टेक्निकल गुरुजी ने छात्रों को तकनीक का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के बारे में मार्गदर्शन किया और यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यह उनकी पढ़ाई में बाधा बनने के बजाय उनकी सबसे बड़ी ताकत बने। उन्होंने छात्रों को एआई पर पूरी तरह निर्भर रहने के बजाय इसे एक उपकरण के रूप में उपयोग करने की सलाह दी।

इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा में पांच ज्ञानवर्धक एपिसोड दिखाए जाएँगे, जिसमें जीवन और सीखने के आवश्यक पहलुओं पर छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रसिद्ध हस्तियां एक साथ आएंगी। प्रत्येक एपिसोड में प्रमुख विषयों पर चर्चा की जाएगी।

**फिनलैंड एमओयू**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में आज एमपी टूरिज्म बोर्ड और फिनलैंड की संस्था वी रियल के बीच प्रदेश के पर्यटन स्थलों, ऐतिहासिक धरोहरों और संग्रहालयों पर आधुनिक तकनीक का उपयोग कर वर्चुअल टूर तैयार करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीवंत अनुभूति देने वाले इन वर्चुअल टूर के माध्यम से अब पर्यटन, इतिहास और संस्कृति में रूचि रखने वाले व्यक्ति, अपने देश में रहते हुए मध्यप्रदेश के गौरवशाली इतिहास और समृद्ध संस्कृति से परिचित हो सकेंगे। इससे प्रदेश के पर्यटन स्थलों और एतिहासिक धरोहरों का वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने में मदद मिलेगी और विश्व के विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर भारत में फिनलैंड के राजदूत किम्मो लाहदेविर्ता का स्वागत किया गया।

**खजुराहो नृत्य समारोह**

प्रदेश की यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट खजुराहो में 51 वां सात दिवसीय खजुराहो नृत्य समारोह मंदिर प्रांगण में 20 से 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। 20 फरवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और खजुराहो सांसद वीडी शर्मा करेंगे। आज राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार पर्यटन,संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्य विभाग धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि 7 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में भारतीय शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार अलंकरण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथक, भरतनाट्यम, बुंदेली नृत्य, कुचीपुड़ी, ओडिसी आदि के साथ सबसे लम्बा वृहद शास्त्रीय नृत्य मैराथन प्रस्तुति की जा रही है, जिसे गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज करने का प्रयास रहेगा। जिसमें निरन्तर 24 घंटे से भी अधिक नृत्य प्रस्तुतियां होंगी।

**विश्व रेडियो दिवस**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं है। उन्होंने सभी को इस महीने 23 तारीख को होने वाले 'मन की बात' कार्यक्रम के लिए अपने विचार व सुझाव साझा करने के लिए भी आमंत्रित किया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि रेडियो कई लोगों के लिए जीवनरेखा रहा है। समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक का यह एक शक्तिशाली माध्यम है, जो रचनात्मकता का जश्न मनाता है।

महाकुंभ

प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान लोगों को अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सोशल मीडिया पर ऐसे अकाउंट की पहचान कर कार्रवाई की जा रही है जो महाकुंभ को लेकर फर्जी खबरें फैला रहे हैं।

**समाचार संक्षेप में .....**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रयागराज महाकुंभ से मंदसौर लौट रही यात्री बस के 3 श्रद्धालुओं की असामयिक मृत्यु पर दुख व्यक्त किया है। दिल्ली-मुम्बई हाई-वे पर कोटा जिले में यह दुर्घटना हुई। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख और गंभीर रूप से घायलों को एक-एक लाख रूपए की राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।
- सीहोर के कुबेरेश्वर धाम में 25 फरवरी से महाशिवरात्रि पर्व पर शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस कथा में देशभर से लाखों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके संबंध में आज कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।
- रेल प्रशासन द्वारा कुंभ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, मैसूर–लखनऊ कुंभ मेला विशेष ट्रेन  चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर भी रुकेगी।
- ग्वालियर में आज सुबह हुए एक बच्चे का अपहरण हो गया। अपहरणकर्ताओं की जानकारी देने वाले को पुलिस द्वारा 30,000 रूपये की इनाम देने की घोषणा की है।
- नर्मदापुरम जिला शिक्षा केंद्र के नवाचार के तहत चलाये गये "सीटी बजाओ बच्चे बुलाओ" मुहिम को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्काच अवार्ड से सम्मानित किया जा रहा है। यह अवार्ड 15 फरवरी को कलेक्टर सोनिया मीना एवं डीपीसी डा राजेश जायसवाल को दिल्ली में प्रदान किया जायेगा।

- आज मुख्यमंत्री ने समत्व भवन में उज्जैन में 26 फरवरी से 30 जून  तक आयोजित होने वाले 'विक्रमोत्सव 2025' की तैयारियों की समीक्षा की एवं संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
- शिवपुरी जिले में वार्षिक परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार चौधरी ने लाउड स्पीकर के उपयोग को लेकर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है-
- खण्डवा में सहायक कृषि यंत्री अधिकारी ने बताया कि कृषि यंत्र पावर वीडर, पावर टिलर, पावर हैरो आदि के आवेदन पोर्टल पर 18 फरवरी तक आमंत्रित किये जा रहे हैं।

......................................